पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–753/24–के.–380

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 05/03/2026

**विषयः कक्षा 09वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 के आयोजन के संबंध में।**

**प्रसंगः** शिक्षा विभाग के ज्ञापांक–09/विविध–34/2023–864, दिनांक 03.12.2024 एवं निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के पत्रांक–09/विविध–34/2023–53, दिनांक 14.01.2026

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि कक्षा 09वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 दिनांक 18.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 तक की अवधि में संबंधित विद्यालयों में आयोजित होगी। जिसका परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

## वर्ग–9वीं वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 का कार्यक्रम

| सैद्धान्तिक | | |
|---|---|---|
| **परीक्षा की तिथि/दिन** | **प्रथम पाली (First Shift)** | **द्वितीय पाली (Second Shift)** |
| **18.03.2026 (बुधवार)** | **मातृभाषा**<br>(101-हिन्दी, 102-बंगला, 103-उर्दू एवं 104-मैथिली)<br>(पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 12.45 बजे तक) | **111–सामाजिक विज्ञान**<br>(अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04.45 बजे तक) |
| **19.03.2026 (गुरूवार)** | **110-गणित**<br>(पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 12.45 बजे तक)<br>**126–गृह विज्ञान**<br>**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**<br>(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | **113-अंग्रेजी (सामान्य)**<br>(अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक) |
| **20.03.2026 (शुक्रवार)** | **द्वितीय भारतीय भाषा**<br>(105-संस्कृत, 106-हिन्दी 107-अरबी, 108-फारसी, एवं 109-भोजपुरी)<br>(पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | **112–विज्ञान**<br>(अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 04:45 बजे तक)<br>**125–संगीत**<br>**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**<br>(अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 04:45 बजे तक) |
| **23.03.2026 (सोमवार)** | **ऐच्छिक विषय**<br>(114-उच्च गणित, 115-वाणिज्य, 116-अर्थशास्त्र, 121-फारसी 122-संस्कृत, 123-अरबी एवं 124-मैथिली)<br>(पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 12.45 बजे तक)<br>(117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120-संगीत)<br>(पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 12.15 बजे तक) | **ऐच्छिक विषय (व्यावसायिक ट्रेड)**<br>127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes)<br>(अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक) |
| **प्रायोगिक परीक्षा** | | |
| **दिनांक 24.03.2026 (मंगलवार) को प्रथम पाली** में ऐच्छिक विषय यथा–117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120-संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के द्वारा 125-संगीत विषय सहित) एवं **द्वितीय पाली** में व्यावसायिक ट्रेड 127–सुरक्षा (Security), 128–ब्यूटिशियन (Beautician), 129–टूरिज्म (Tourism), 130–रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), 131–ऑटोमोबाईल (Automobile), 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), 134–टेलीकॉम (Telecom) तथा 135–आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी। | | |

5/3/2026

**नोटः— दोनों पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। स्पॉस्टिक (Spastic), दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जायेगा।**

2. विद्यालय के प्रधान का यह दायित्व होगा कि 9वीं की वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट पर एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को देना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्त परीक्षा के आयोजन हेतु गोपनीय मुद्रक एजेंसी द्वारा **दिनांक 06.03.2026 से 12.03.2026** तक की अवधि में गोपनीय सामग्री आपके जिला में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित गोपनीय सामग्री निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वितरण केन्द्रवार प्राप्त कराकर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा गोपनीय सामग्रियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखने तथा यथासमय इनके वितरण की व्यवस्था की जाए।

4. उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं के आयोजन हेतु उत्तरपुस्तिका चयनित एजेंसी द्वारा आपके कार्यालय में प्राप्त कराया जा रहा है। प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र समिति के प्रतिनियुक्त विशेष दूत के द्वारा आपके कार्यालय में आपूर्ति की जायेगी। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त सभी सामग्रियों (उत्तरपुस्तिका तथा प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न—पत्र) को उपलब्ध कराए गए एडवाईस के आधार पर विद्यालयवार/शिक्षण संस्थानवार यथासमय वितरण किया जाएगा।

5. यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विद्यालयों के प्रधान द्वारा प्राप्त किये गये विषयवार सभी प्रश्न पत्र को अपनी गोपनीय अभिरक्षा में सीलबंद रखेंगे तथा यह किसी भी परिस्थिति में क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। निर्धारित विषय की परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के समय के 20 मिनट पूर्व उन्हें खोला जाएगा तथा परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को निर्धारित समय पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्य में पूरी सतर्कता, सावधानी एवं गोपनीयता का अनुपालन कठोरतापूर्वक सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी विद्यालय के किसी विषय के प्रश्न पत्र के समय से पूर्व खोला जाता है, अथवा, परीक्षा के पूर्व ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग की जाती है, तो संबंधित विद्यालय प्रधान इसके लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी माने जायेंगे एवं इसके लिए उनके विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधीनस्थ सभी विद्यालय प्रधान को आपके द्वारा स्पष्ट रूप से निदेशित किया जाना अपेक्षित है।

6. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से कक्षा 09वीं की वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की उक्त परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में परीक्षा समाप्ति के 07 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**कक्षा 09वीं वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 के प्राप्तांक प्रविष्टि हेतु प्रारूप—**

**School Code:-**

**School Name:-**

**सामान्य (General) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :**

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

**दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :**

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

7. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है अपने जिला अवस्थित विद्यालय के प्रधान की बैठक (अथवा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) आहूत कर उन्हें कक्षा 09वीं की वार्षिक परीक्षा, मार्च 2026 का कार्यक्रम के अनुसार आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्ति के 07 दिनों के अंदर तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। उक्त परीक्षा के आयोजन के समय किसी विद्यालय की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से निलम्बित/रद्द वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

विश्वासभाजन

5/3/2026

05/03/26

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

5/3/26

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–753/24, के०–380/पटना, दिनांक : 05/03/2026

**प्रतिलिपिः** 1. उप निदेशक/सिस्टम एनालिस्ट आई0टी0 (मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थियों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी की जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति समिति के वेबसाइट एवं BSEB Mobile Appपर अपलोड कर दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उनसे यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालयों के प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए।

2. वरीय प्रभारी पदाधिकारी, भंडार को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

5/3/2026

05.03/26

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

5/3/26

5/3/26

Letter_A_25_316